संख्या–570जेड/6–सा–1–10–11जी/2010

प्रेषक,

जी0पी0 वर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

गृह (सामान्य) अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 07 अप्रैल, 2010

विषय : स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिये धन का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त जनपदों के दिवंगत राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के प्रथम छः माह के लिए कुल रूपये 40,00,00/– (रूपये चार लाख मात्र) की धनराशि आपके निस्तारण पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी ओदशों के अनुसार किया जोयगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहाँ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

3– वित्तीय स्वीकृतियो में आवश्कतानुसार धनराशि का कोषागार से किश्तों में आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहना है कि उपर्युक्त धनराशि सम्बन्धी व्यय विवरण समस्त जनपदों से प्राप्त कर नियमित रूप से महालेखाकार (लेखा), उ0प्र0, इलाहाबाद को प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में भेजा जाये तथा जिसकी एक प्रति शासन को भी निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जाये।

5– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–28 के लेखा शीर्षक "2251–सचिवालय–सामाजिक सेवायें–आयोजनेत्तर–200–अन्य योजनायें–06–मृतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता–20–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

ये आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जी0पी0 वर्मा)